


वहीं पहुंचना चाहूंगा जहां वह आज है

## बाबर में है विराट कोहली से आगे निकलने की क्षमताः रमीज राजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रमीज राजा ने युवा बल्लेबाज बाबर आजम की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि अगर बाबर खुले दिल से खेलें तो वह विराट कोहली के बड़े बैटिंग रेकॉर्ड्स को पीछे छोड़ सकते हैं। आईसीसी की बल्लेबाजों की रैंकिंग के हिसाब से बाबर फिलहाल पांचवें नंबर के टेस्ट बल्लबाज हैं वहीं टी20 इंटरनैशनल में वह पहले पायदान पर हैं। क्रिकेट पाकिस्तान ने राजा के हवाले से कहा, उनके (बाबर आजम) के पास विराट कोहली को पीछे छोड़ने की क्षमता है लेकिन उन्हें अपने दिमाग को फ्री करके खेलना होगा। उन्हें हार के बारे में नहीं सोचना होगा। अगर वह ऐसा कर पाते हैं और सिर्फ रन बनाने और जीत के बारे में सोचकर खेलते हैं तो वह लंबे समय समय तक महान खिलाड़ी बन सकते हैं। रमीज ने कहा, बाबर आजम की प्रतिभा को देखते हुए कहा जा सकता है कि वह कुछ भी हासिल कर सकते हैं। लेकिन जब तक उन्हें हौसला बढ़ाने वाला माहौल नहीं मिलेगा वह अपनी क्षमता के हिसाब से नहीं खेल पाएंगे।

बाबर ने खुद की तुलना विराट कोहली से किए जाने को खारिज किया था। 25 वर्षीय इस बल्लेबाज ने इतना जरूर कहा था कि कोहली ने जो भारत के लिए हासिल किया है वह उसे पाकिस्तान के लिए दोहराना चाहेंगे। आजम ने कहा था, कोहली को देखिए, वह अभी ही कितना कुछ हासिल कर चुके हैं। वह अपने देश के लिए एक महान खिलाड़ी बन चुके हैं। सच कहूं तो उनकी और मेरी कोई तुलना ही नहीं हैं लेकिन आखिर में मैं भी वहीं पहुंचना चाहूंगा जहां वह आज हैं।

# धोनी को किस आधार पर टीम में चुना जाएः गंभीर

**क्रिकेट**

आईपीएल–2020 के आयोजन पर भी शंका के बादल

## गंभीर बोले, धोनी का सबसे अच्छा विकल्प इस वक्त लोकेश राहुल हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रहे पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर का मानना है कि यदि कोरोना वायरस के कारण आईपीएल 2020 रद्द हो जाता है तो पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की टीम इंडिया में वापसी मुश्किल हो जाएगी। गंभीर ने साथ ही सवाल किया कि धोनी को किस आधार पर टीम में चुना जाना चाहिए।

धोनी आईपीएल से क्रिकेट मैदान पर वापसी करने वाले थे, लेकिन चीन से फैले घातक कोरोना वायरस के चलते इस प्रतिष्ठित टी20 लीग को फिलहाल 15 अप्रैल तक के लिए टाल दिया गया। अब लॉकडाउन के कारण और देश में बढ़ते संक्रमितों की संख्या को देखते हुए आईपीएल के आयोजन पर भी आशंका जताई जा रही है।




धोनी ने पिछले साल आईसीसी वर्ल्ड कप के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट मैच नहीं खेला है। ऐसे में गंभीर ने पूछा कि इसी साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी के सिलेक्शन के लिए किस प्रदर्शन को आधार बनाया जाएगा।

गंभीर ने निजी टीवी चौनल से कहा, श्धोनी पिछले करीब एक साल से क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं तो उनका चयन किस आधार पर किया जाएगा। धोनी का सबसे अच्छा विकल्प इस वक्त लोकेश राहुल हैं।

ईस्ट दिल्ली से मौजूदा लोकसभा सांसद गंभीर ने राहुल की तारीफ करते हुए कहा, वह टीम के लिए एक उपयोगी खिलाड़ी हैं। मैंने उनका प्रदर्शन देखा है। इसमें कोई शक नहीं कि उनकी विकेटकीपिंग धोनी जितनी अच्छी नहीं है लेकिन यदि आप टी20 क्रिकेट फॉर्मेट को देखें तो वह बहुआयामी खिलाड़ी हैं। वह नंबर 3 या 4 पर भी बल्लेबाजी कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, टीम इंडिया चाहेगी कि सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाएं। यदि आईपीएल नहीं होता तो धोनी की वापसी काफी मुश्किल हो जाएगी। वह पिछले काफी समय से टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं। 39 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने कहा, श्जहां तक उनके संन्यास का सवाल है तो यह उनका निजी फैसला है।

# पीसीबी सपॉर्ट करता तो और कई बड़े रेकॉर्ड तोड़ देताः कनेरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपने देश के क्रिकेट बोर्ड पीसीबी पर फिर आरोप लगाए कि उनका सपॉर्ट नहीं किया गया। कनेरिया ने ट्विटर पर पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक के कॉमेंट पर प्रतिक्रिया दी जिसमें उन्होंने कहा था कि वेस्ट इंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा के सामने यह लेग स्पिनर पस्त हो गया था।

पूर्व लेग स्पिनर कनेरिया ने कहा कि अगर उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड सपॉर्ट करता तो वह कई और रेकॉर्ड तोड़ सकते थे। इंजमाम ने यूट्यूब पर एक इंटरव्यू में कहा था कि साल 2006 में मुल्तान में वेस्ट इंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच में ब्रायन लारा ने कनेरिया की गेंदों को आसानी से हर दिशा में खेला और खूब शॉट लगाए।



दानिश कनेरिया ने एक वेबसाइट के ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, श्मैंने लारा को अपने करियर में 5 बार आउट किया। वह बहुत अच्छे क्रिकेटर हैं। अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मुझे सपॉर्ट किया होता तो मैं और कई बड़े रेकॉर्ड तोड़ सकता था।श उन्होंने ब्रायन लारा और इंजमाम को भी टैग किया।

इससे पहले इंजमाम ने कहा था, दानिश ने गुगली फेंकी, लारा ने इसे उन्हीं की तरफ खेला। उस पर दानिश ने कहा, बहुत अच्छा खेले लारा। लारा ने जवाब दिया, ओके सर, लेकिन अगली तीनों गेंदों को लारा ने सीमा पार पहुंचा दिया।

इंजमाम ने बताया कि तब वह टीम के कप्तान था और कनेरिया के पास गए। उनसे कहा कि लारा को थोड़ा और छेड़ो ताकि वह उत्तेजित होकर गलत शॉट खेलें। इंजमाम ने कहा, श्मुझे लग रहा था लारा गुस्से में हैं और वह विकेट गंवा सकते हैं। मैंने सीमा पर फील्डर खड़े किए, ताकि वह बड़े शॉट खेलें और आउट हो जाए, लेकिन उन्होंने दानिश की गेंदों को हर दिशा में खेला।

## मुझे लगता है कि धोनी अब भारत के लिए कभी नहीं खेलेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने रविवार को कहा कि उन्हें लगता है कि महेंद्र सिंह धोनी खामोशी से भारतीय क्रिकेट से दूर हो गए हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा के साथ यू–ट्यूब चर्चा के दौरान चोपड़ा ने कहा कि धोनी ने शायद भारत के लिए अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल लिया है।

गौरतलब है कि धोनी ने पिछले साल जुलाई में 50 ओवर विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है। चोपड़ा ने कहा कि लगभग हर कोई यह सोचता है कि धोनी अगर आईपीएल में अच्छा करते हैं तो भारतीय टीम मे वापसी कर सकते हैं लेकिन मुझे व्यक्तिगत रूप से ऐसा लगता है कि मैनचेस्टर में न्यूजीलैंड खिलाफ मैच भारत के लिए उनका आखिरी मुकाबला था। उन्होंने कहा, तब से लेकर अभी तक उन्होंने खुद को टीम के लिए उपलब्ध नहीं कराया है। उन्हें ड्रॉप नहीं किया गया है। मुझे लगता है कि उन्होंने अपना मन बना लिया है कि वह अब भारत के लिए नहीं खेलेंगे। अगर वे कहें कि वे चाहते हैं कि धोनी वर्ल्ड कप खेले तो शायद वह वापस आ जाएं।

## न्यूज डायरी




### लिएंडर पेस ने जोड़ा अपना और महेश भूपति का वीडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और महेश भूपति के बीच दरार को शायद लॉकडाउन ने तोड़ दिया है। इंडियन एक्सप्रेस के नाम से मशहूर इस भारतीय जोड़ी ने कई टूर्नामेंट साथ खेले और खिताब जीते लेकिन फिर निजी रिश्तों में कड़वाहट आ गई और जोड़ी टूट गई। अब लॉकडाउन के कारण इसमें करीबी आती नजर आ रही है। पेस ने रविवार को फ्राई पैन चैलेंज स्वीकार करते हुए अपना और पूर्व साथी महेश भूपति का एक कोलाज वीडियो शेयर किया। पेस ने इसे शेयर करते हुए लिखा कि यह वीडियो उन लोगों के लिए बनाया है जो उन्हें और उनके पूर्व ग्रैंड स्लैम विजेता साथी को एक साथ खेलते हुए देखना चाहते थे। इस वीडियो में टेनिस लेजंड पेस और भूपति दीवार के साथ टेनिस बॉल वॉली करते नजर आ रहे हैं।

### शादी की सालगिरह पर सानिया मिर्जा ने शोएब मलिक के साथ पोस्ट की तस्वीरें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की स्टार टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा ने रविवार को अपने पति और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक को शादी की 10वीं सालगिरह पर बधाई दी। उन्होंने दो तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए शादी के बाद के अंतर बताने की कोशिश की। उन्होंने इन दो तस्वीरों के बीच के अंतर को उम्मीद बनाम हकीकत लिखकर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, पहली तस्वीर पर लिखा– शादी के एक दशक बाद तस्वीर ऐसी दिखती है, उम्मीद बनाम हकीकत। हकीकत के लिए दूसरी तस्वीर देखिए। दूसरी तस्वीर में वह शोएब मलिक का कान पकड़े हुई हैं और पाकिस्तानी ऑलराउंडर ने अपनी जीभ निकाल रखी है। सानिया और शोएब ने हैदराबाद में साल 2010 में शादी की थी और उनका एक साल का लड़का है जिसका नाम उन्हें इजहान रखा है।

### जोकोविच ने लिया 100 वॉली चैलेंज, पत्नी संग शेयर किया वीडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पूर्व वर्ल्ड नंबर–1 ब्रिटेन के एंडी मरे ने हाल ही में टेनिस खिलाड़ियों और फैंस को 100 वॉली (टेनिस के खेल में लगाए जाने वाला शॉट) का चैलेंज दिया था और अब सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने मरे की इस चुनौती को स्वीकार किया है। ब्रिटिश दिग्गज मरे ने ट्विटर पर लिखा, 'सभी टेनिस खिलाड़ी और फैंस के लिए एक चौलेंज..100 वॉली चैलेंज। विडियो में कोई हलचल नहीं हुई, लेकिन मुझे लगता है कि आखिरी वॉली मेरे सिर पर थी। मैं केवल अकेला ही नहीं, इसे कर रहा हूं बल्कि मेरे साथ रोज और मिर्का भी कुछ गेंदों को एक साथ हिट करना चाहते हैं।' जोकोविच ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए एक विडियो पोस्ट किया है। उन्होंने पत्नी येलेना संग इस विडियो में लिखा, '100 वॉली चौलेंज येलेना के लिए बहुत आसान था। इस मजेदार मनोरंजन के लिए किम और एंडी मरे का शुक्रिया।' चीन से फैले घातक कोरोना वायरस के कारण क्रिकेट समेत अन्य खेलों से जुड़ी स्पर्धाएं, सीरीज और यहां तक कि ओलिंपिक को भी स्थगित कर दिया गया है।

### आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक का जापान दौरा रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक का जापान दौरान कोरोना वायरस के कारण रद्द हो गया है। तोक्यो ओलिंपिक आयोजन समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तोरिशा मुटो ने ऑनलाइन बातचीत के दौरान मीडिया को इसकी जानकारी दी। बाक को तोक्यो ओलिंपिक की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मई में जापान का दौरा करना था। लेकिन कोरोना वायरस के कारण तोक्यो ओलिंपिक खेलों को एक साल के लिए टाल दिया गया है। आईओसी अध्यक्ष का इस समय ओलिंपिक टॉर्च रिले कार्यक्रम में भाग लेना था, जिसकी शुरूआत 26 मई से होनी थी। लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे भी रद्द किया जा चुका है। बाक के जापान दौरे को लेकर नई तारीखों की घोषणा अभी तय नहीं की गई है। हम इस समय आपको सही उत्तर देने की स्थिति में नहीं हैं।